टैंकर से अवैध शराब के 610 कार्टन बरामद, तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार

भारत पट्रोलियम लिखे टैंकर में लुधियाना पंजाब से गुजरात ले जाई जा रही थी शराब

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ़ थाना पुलिस ने कार्यवाही कर टैंकर से तस्करी की जा रही अवैध शराब के 610 कार्टन बरामद कर दो अरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस महानिरीक्षक रैंज बीकानेर द्वारा अवैध शराब तस्करी की रोकथाम हेतु दिये गये दिशा निर्देशों की पालना में पुलिस अधीक्षक चूरू दिगंत आनन्द के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ अशोक बुटोलिया, वृताधिकारी इसार अली व थानाधिकारी पुलिस थाना राजगढ सुभाष चन्द्र पु.नि., के निकटतम सुपरविजन व सुचना पर शनिवार 4 फरवरी को थाने के देबीसहाय उनि मय जाब्ता के गश्त के दौरान आरोपी बाबुलाल पुत्र तिलोकाराम जाति जाट उम्र 27 साल निवासी बिसारणिया थाना धनाऊ जिला बाडमेर व रेवन्त कुमार पुत्र बाबुलाल जाति जाट उम्र 26 साल निवासी सुथारों की ढाणी (बाछडाऊ) थाना धोरीमन्न जिला बाडमेर द्वारा टैंकर में परिवहन कीजा रही पँजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब की विभिन्न मार्का के कुल 610 कार्टून मय टैंकर के जब्त किये जाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर सुभाष चन्द्र पुनि द्वारा अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान अधिकारी सुभाष चन्द्र ने बताया कि प्रथत दृष्टया पुछताछ में आरोपीगण बाबूलाल तथा रेवन्त कुमार द्वारा उक्त शराब भारत पट्रोलियम लिखे टेंकर में लुधियाना पंजाब से गुजरात ले जाई जा रही थी। तथा आरोपियों से शराब तस्करी के गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों के संबन्ध में पुछताछ जारी है। कार्यवाही में राजगढ थाने के कास्टेबल मुकेश कुमार, कुलदीप, पवन कुमार, सुरेश कुमार, संदीप कुमार व साईबर सैल चूरू के कास्टेबल धर्मवीर की अहम भूमिका रही।

अवैध शराब तस्करी करते गिरफ्तार आरोपी गण बाबूलाल तथा रेवन्त कुमार।

- आरोपियों से शराब तस्करी के गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों के संबन्ध में पुछताछ जारी है

नवमतदाता अभियान दूसरे दिन भी रहा जारी

रतनगढ़, (निसं)। भारतीय जनता युवा मोर्चा रतनगढ शहर मंडल द्वारा नवमतदाताओं को जोड़ने के अभियान के तहत शनिवार को दुसरे दिन राजकीय कन्या महाविधालय में पंजीयन सूची तैयार करके एवम अभियान के बारे में नवमत दाताओं को विस्तार से जानकारी दी गई। युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष प्रदीप सैनी ने बताया कि भाजपा द्वारा राजस्थान भर में चलाये जा रहे नवमत दाता अभियान से शहर के युवा वर्ग जोश व उत्साह के साथ जुड रहा है । जिन नव मतदाताओं की उम्र 18 साल हो गई है उनको वोटर लिस्ट में नाम जुडवाने के लिए नाम जुडवाने के केंद्र,आवश्यक दस्तावेज सम्बन्धित जानकारी महाविद्यालय कैम्पस,कोचिंग सेंटर एवम सार्वजनिक स्थानों पर कैम्प लगा के दी जा रही है। कन्या महाविधालय में सैकड़ों की संख्या में महाविधालय छात्राओं ने युवा मोर्चा के अभियान में जुड़ने के लिए पंजीयन सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है। सैनी ने कहा कि अभियान के दौरान केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी नवमतदाताओं को विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही सजग एवम मजबूत लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका के विषय में भी आवश्यक चर्चा हुई ।

सार-समाचार

कार्यकारिणी का गठन

चिडावा, (निसं)। राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन की बैठक का आयोजन चिड़ावा सहायक अभियंता कार्यालय में किया गया जिसमें सर्वसहमति से सहायक अभियंता कार्यालय चिड़ावा की उपखंड कार्यकारणी का गठन किया गया जिसमें अनिल वर्मा को अध्यक्ष चुना गया। जिला अध्यक्ष विकास झाझडिया ने सभी कर्मचारियों से एकजुट होकर अपनी मांगों के लिए आवाज उठाने का आ ान किया। जिला महामंत्री आशीष पचार ने कहा सभी कर्मचारियों को निगम काम के साथ अपने हकों के लिए संघर्ष भी करना होगा। जिला संगठन मंत्री मनोज झेरली ने नव नियुक्त कमेटी को बधाई दी। इस अवसर पर बनवारी लाल, ग्यारशी लाल, प्रकाश पारीक, विजय कुमार, रामप्रताप आर्य, जगदीप, योगेंद्र सिंह, राजेश, महेंद्र, संत कुमार आदि उपस्थित थे।

'हाथ से हाथ जोड़ो' यात्रा निकाली

मलसीसर, (निसं)। अलसीसर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कालियासर में आज हाथ से हाथ जोड़ो अभियान यात्रा निकाली गई। यहां मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने बताया कि रैली का शुभारंभ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष यज्ञपाल सिंह के नेतृत्व में किया गया। यात्रा में कांग्रेस सेवा दल ब्लॉक अध्यक्ष रामपाल सिंह शेखावत, जिला सचिव हारून खोखर ख्याली, मंडल अध्यक्ष शीशपाल सिंह, ब्लॉक मैंबर मोहनलाल, पूर्व प्रधान मोहर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत के लोग मौजूद रहे। यात्रा के दौरान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को दी गई। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्त्ताओं में काफी उत्साह दिखाई दिया।

ट्रेन से कटकर युवक की मौत

सुजानगढ़, (कासं)। छापर रेलवे लाइन पर एक युवक की ट्रेन से कटने से मौत हो गयी। मृतक की शिनाख्त बजरंग दान पुत्र हरिदान चारण के रूप में हुई है। मृतक के शव को हारे का सहारा टीम के संयोजक श्याम सुन्दर स्वर्णकार, नवरत्न बिजारणियां, भागीरथ जाट ने एम्बुलेंस की मदद से बगडिया अस्पताल की मोर्चरी में रखाया गया। फिलहाल मृतक के मौत के कारणों का खुलासा नही हुआ है। इसी प्रकार जसवंतगढ ताल में वार्ड 23 निवासी श्याम सिंह पुत्र मदन सिंह की तालाब में डूबने से मौत हो गयी। मृतक के शव को तैराक सूर्यरत्न गुलेरिया ने निकाला। श्याम सिंह के परिजनों ने शुक्रवार शाम कोतवाली थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करायी थी। घटना की सूचना पर जसवंतगढ थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

पशुपालन प्रशिक्षण शिविर का समापन

रतनगढ़, (निसं)। पशु विज्ञान केंद्र रतनगढ़ चूरू की ओर से आत्मा योजना अंतर्गत दो दिवसीय पशुपालन गैर संस्थागत प्रशिक्षण शिविर का समापन आज शनिवार को संपन्न हुआ प्रशिक्षण शिविर में डॉ उमेश चौधरी ने पशुपालकों को उन्नत बकरी पालन विषय पर विस्तार से जानकारी दी और पशु विज्ञान केंद्र नागौर के डॉक्टर रोहिताश जी ने बकरियों की विभिन्न नस्ल के बारे में बताया और साथ में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दीपक जी ने उन्नत बकरी पालन विषय और वैज्ञानिक विधि से बकरी पालन करने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए विषय पर जानकारी दी इस प्रशिक्षण शिविर में सुजानगढ़ तहसील के कुल 30 पशुपालकों ने भाग लिया

कल रहेंगे सुजानगढ़ के बाजार बंद

सुजानगढ़, (कासं)। चार शिक्षकों के निलबंन आदेश वापस लेने की मांग को लेकर शहर के बाजार सर्वसमाज के आव्हान पर सोमवार ०6 फरवरी को बंद रखे जायेंगे। बंद के आव्हान के बाद सर्वसमाज ने कहा कि पी.सी.बी स्कूल के छात्र की आत्महत्या के मामले में बिना जांच शिक्षकों को निलम्बित करना दुर्भाग्यपूर्ण है। जिसके लिये व्यापारियों की सहमति से शहर के बाजार बंद रखे जायेंगे। बंद को सुजानगढ व्यापार मण्डल, किराणा व्यापार मण्डल, किराणा मर्चेन्ट एसोसिएशन, रेडिमेन्ट गारमेंट, फुटवीयर, कपडा व्यापार संघ, चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने समर्थन दिया है।

सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग को लेकर स्कूली विद्यार्थियों ने रैली निकाली

सुजानगढ़, (कासं)। अब स्कूली विद्यार्थियों ने भी सुजानगढ को जिला बनाने की मांग तेज कर दी है। शनिवार को नया बास स्थित त्रिशला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला बनाने की मुहिम का समर्थन करते हुये रैली निकाली।

विद्यार्थियों की रैली त्रिशला पब्लिक स्कूल से प्रारम्भ होकर, गाँधी चौक, घण्टाघर, लाडनू बस स्टैण्ड होते हुए तहसील कार्यालय तक पहुंची। विद्यार्थियों ने जनहित मोर्चा के धरने को समर्थन देते हुए अनशनरत शिक्षक गुरूदेव गोदारा के साथ जिला बनाने की मांग के लिए नारेबाजी की। इस दौरान जनहित मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, कॉमरेड रामनारायण, मुमताज काजी सहित अनेक लोगों ने विद्यार्थियों का अभिनन्दन किया। संस्था के विद्यार्थी हितेन प्रजापत और देवांशी शर्मा ने कहा कि सुजानगढ के जिला बनने से यहाँ शिक्षा का स्तर ऊँचा होगा और विद्यार्थियों को सीकर, कोटा जैसी बेहतर शिक्षा के अवसर यंही उपलब्ध होंगे। साथ ही सुजानगढ में अच्छी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होने से लोगों को बडे शहरों का रूख नही करना पडेगा। संस्था निदेशक आनन्द सिंह शेखावत के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने तहसीलदार गोविन्दराम बगडिया को ज्ञापन भी दिया। रैली में विद्यालय के शिक्षक दीपक शर्मा, नवीन सियोता, सुमित पंवार, निशा सैनी, शिवानी गोदारा, दिव्या शर्मा आदि ने बच्चों को जिला बनने से होने वाले फायदे के बारे में जानकारी प्रदान की।

सुजानगढ़ के मुख्य मार्गो से जिले की मांग को लेकर रैली निकालते स्कूली बच्चे।

'हाथ जोड़ो अभियान' नुक्कड़ सभा का आयोजन

रतनगढ़, (निसं)। कांग्रेस के हाथ से हाथ जोडो अभियान के अन्तर्गत वार्ड 41 व 42 में कांग्रेस शहर ब्लॉक अध्यक्ष तरुण कुमार चाकलान, शहर मंडल अध्यक्ष इलियास खान की अध्यक्षता एंव वरिष्ठ कांग्रेस नेता पीसीसी सदस्य पूसाराम गोदारा के सानिध्य में नुक्कड़ सभा का आयोजन शनिवार शाम को हुआ। सभा को संबोधित करते हुए गोदारा ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में हमेशा फर्क रहा है कांग्रेस आम आदमी की पार्टी रही है जबकि भाजपा उद्योगपतियों की पार्टी होकर सीमित रह गई है भाजपा के शासन में महंगाई बेलगाम हो गई है आम आदमी का जीना दूभर हो गया है केंद्र सरकार के कुशासन को उखाड़ फेंकने का हम सबको संकल्प लेना होगा, कार्यक्रम को पूर्वशहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद, युवा कांग्रेस नेता रामवीर, पार्षद पुरुषोत्तम, पार्षद अहमद, पंडित महेश देवकीनंदन, हाजी ने भी संबोधित किया सभा सम्पापन पर कार्यकर्ताओं ने गली-गली घूमकर स्टिकर पोस्टर के माध्यम से राहुल गांधी का संदेश घर घर पहुंचाते हुए राज्य सरकार की जनकल्याकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई।

सी.ए. फाउण्डेशन परीक्षा में उतीर्ण विद्यार्थियों का अभिनन्दन

मोहता पब्लिक स्कूल राजगढ के सी.ए. फाउण्डेशन परीक्षा में उतीर्ण हुए विद्यार्थियों का विद्यालय स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया।

सादुलपुर, (निसं)। मोहता पब्लिक स्कूल राजगढ में शनिवार सी.ए. फाउण्डेशन परीक्षा में उतीर्ण हुए विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह आयोजित कर माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया गया एवं मुँह मीठा करवाया गया। उप-प्राचार्य इन्द्रसिंह ने बताया कि द इन्स्टीटयूट ऑफ चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट ऑफ इंडिया द्वारा सी.ए. फाउण्डेशन दिसम्बर-2०22 के परीणाम घोषित किये गये, जिसमें विद्यालय के ध्रुव मोहता पुत्र पंकज मोहता, ध्रुव गोयल पुत्र नरेन्द्र गोयल, हर्ष प्रजापत पुत्र नोपीराम प्रजापत, गरीमा अग्रवाल पुत्री महेन्द्र अग्रवाल और हिमांषी अग्रवाल पुत्री सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल नें अच्छे अंको के साथ सफलता प्राप्त की। उन्होंने बताया कि कुल आठ विद्यार्थियों ने सी.ए. फाउण्डेशन परीक्षा दी जिसमें पाँच विद्यार्थी सफल हुए। मोहता संस्थाओं के चेयरमैन श्रीवर्धन मोहता, मोहता विद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.एस. राठौड, विद्यालय के प्राचार्य एम.पी. त्यागी, उप-प्राचार्य इन्द्रसिंह व अदरीश मोहम्मद आदि ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ दी।

गोल्ड मेडलिस्ट के गाँव पहुँचने पर भव्य स्वागत

पराएथलेटिक चैंपियनशिप स्टेट लेवल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल तथा शॉटपुट में सिल्वर मेडल खिलाडियों का अभिनन्दन करते ग्रामवासी।

सादुलपुर, (निसं)। 12वीं पराएथलेटिक चैंपियनशिप स्टेट लेवल प्रतियोगिता-2०23 जो कि अलवर जिले में आयोजित हुई में गाँव गुगलवा के रवीना कंवर, जोगेंद्र सिंह ने डिस्कस थ्रोअर में गोल्ड मेडल तथा शॉटपुट में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है।

वहीं खिलाडियों के मैडल जीतकर गाँव में पहुँचने पर ग्राम पंचायत वासियों द्वारा बाबा लाल गिरी मंदिर गुगलवा में जोरदार स्वागत किया गया। जिसमें पंचायत समिति उप प्रधान रामफल लंबोरियां, सरपंच सुमेर सिंह शेखवात, समाज सेवी मेवा सिंह चाहर, मदन सिंह शेखावत, कृष्ण तेतरवाल, सुभाष चंद्र बोस पब्लिक स्कूल के संचालक महेंद्र सिंह वर्मा, रोहतास गहलोत, सिलाराम, सुभाष पुजारी, जय सिंह जमादार व युवा क्लब गुगलवा आदि द्वारा खिलाडियों को फलों से तोल कर व सिक्के पहना कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में गूंजे तराने

बीकानेर। अमन कला केंद्र बीकानेर द्वारा पार्श्व गायक मोहम्मद रफी किशोर कुमार मुकेश व अन्य कलाकारों की याद में फिल्मी गीतों का रंगारंग कार्यक्रम गीतों भरी शाम संगीत प्रेमियों के नाम कार्यक्रम शनिवार को टाउन हॉल में आयोजित किया गया संस्था के अध्यक्ष एम रफीक कादरी ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा शहर महामंत्री मोहन सुराणा थे अध्यक्षता सखा संगम के अध्यक्ष एन डी रंगा व उप वन संरक्षक अहमद हारून कादरी ने की विशेष आमन्त्रित मेहमान जिला चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ प्रवीण चतुर्वेदी विशिष्ट अतिथि श्री किशन जोशी मधु अरूण पांडे एम आर मुग़ल डॉ दिनेश शर्मा डॉ सुधीर शर्मा रहमत अली संजीव ऐरन नेमीचंद गहलोत रामदेव अग्रवाल अशोक सोनी जसमतिया एम आर कुकरेजा थे संस्था के सचिव अनवर अजमेरी ने बताया की कार्यक्रम में अहमद हारून कादरी ख्वाजा हसन कादरी अनवर अजमेरी एम रफीक कादरी डॉ राकेश रावत ललित शर्मा सिराजू दिन खोखर इकरामूदीन कोहरी कमल श्रीमाली नरेन्द्र खत्री अनीस खेरादी गोपिका सोनी सहित अनेक गायक कलाकारो ने मोहम्मद रफी किशोर कुमार मुकेश व अन्य पार्श्व गायकों के गीत पेश किये।

प्रत्येक विषय पर कड़ी मेहनत करके आगे बढ़ें विद्यार्थी : गिरिश लाटा

सरदारशहर, (निसं)। राजकीय टांटिया बालिका उ मा विद्यालय सरदारशहर में दिनांक 4 फरवरी को बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन के लिए कक्षा 10 के गणित, विज्ञान,सामाजिक विज्ञान विषयों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

सरदारशहर के विद्यालयों के 36 चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया,विद्यार्थियों ने अपनी हाजिर जबाबी से सभी का ध्यान आकर्षित किया। क्विज मास्टर मुकंदा राम नेहरा व संजय पूनिया के संचालन में हुई इस प्रतियोगिता में राजकीय उ मा विद्यालय ताल मैदान, सरदारशहर का छात्र परमेश्वर सुथार प्रथम, रा उ मा वि गजूसर का राधेश्याम प्रजापत द्वितीय, राउमावि ढाणी पांचेरा का सुनील सारण तृतीय और राउमावि बुकनसर छोटा का अंकित चतुर्थ स्थान पर रहा। इस दौरान प्रधानाचार्य गिरीश लाटा ने सभी छात्र - छात्राओं को प्रत्येक विषय की कड़ी मेहनत करने की सलाह दी,,,, इस दौरान संस्था प्रधान गिरीश लाटा, कंचन स्वामी , कृष्ण गोपाल ,विकास पारीक,रमेश सैनी, ताराचंद शर्मा,मनीष सेवदा, रूक्मणी पचार, जुल्फेन,राजेंद्र प्रसाद,आशाराम, नन्द लाल पारीक.अशोक जाखड़ ,सुनीता शर्मा आदि उपस्थित रहे,,, सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शिक्षाविद मुकनाराम नेहरा ने विद्यार्थियों को परीक्षापयोगी विशेष टिप्स विद्यार्थियों को दिए । संचालन मनीष सेवदा ने किया ।

- क्विज प्रतियोगिता में परमेश्वर सुथार रहा प्रथम
- सरदारशहर के विद्यालयों के 36 चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया

कैंसर दिवस मनाया

चिडावा, (निसं)। विश्व कैंसर दिवस के मौके पर आज चिड़ावा के सरकारी अस्पताल में स्क्रीनिंग कैंप लगाया गया। अस्पताल प्रभारी डॉ. सुमन लता कटेवा ने बताया कि कैंप में 102 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। इनमें 59 महिलाएं और 43 पुरुष थे।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम जाबर (JABAR) से बदलकर जाबर गुचिया (JABAR GUCHIYA) पुत्र मोहम्मद आरिफ गुचिया (MOHD ARIF GUCHIYA) जाति व्यापारी, निवासी वार्ड नं. 09, मोहल्ला व्यापारियान, बड़ी मस्जिद के पास, कस्बा फतेहपुर जिला सीकर (राज.) रख लिया हैं। भविष्य में इसे सही माना जावे।

डेरा सच्चा सौदा ने राजगढ़ पालिका क्षेत्र को चंद घण्टों में चकाचक किया

सादुलपुर, (निसं)। राजस्थान प्रदेश की साध संगत ने करीब पाँच साल बाद परम पिता शाह सतनाम जी महाराज का एमएसजी रहमोकर्म माह का शुभ भंडारा पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां के साथ मनाने की खुशी में मरु भूमि राजस्थान को स्वच्छता की सौगात दी।

वहीं इस खुशी में राजस्थान प्रदेश की साध संगत ने पूरे राज्य में एक साथ सफाई अभियान चलाकर राज्य को निखारा। इस सफाई महा अभियान की शुरुआत साध संगत के आग्रह पर पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां ने यूपी के शाह सतनाम जी आश्रम बरनावा से ऑनलाइन स्वयं झाड़ू लगाकर किया। वहीं इस कार्य अभियान का शुभारंभ राजस्थान क्रीडा परिषद अध्यक्ष पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनियां ने किया। इसके पश्चात एक साथ पूरे राजस्थान के हर गाँव, शहर, कस्बे और संभाग के साथ-साथ चूरू जिले के ब्लॉक राजगढ, सिद्धमुख व ददरेवा में डेरा अनुयायी नगरपालिका क्षेत्र राजगढ में सफाई कार्य में जुट गए।

इसी दौरान नगरपालिका अध्यक्ष रजिया गहलोत, सेवानिवृत एएसपी नियाज मोहम्मद सहित पार्षदगण एवं गणमान्यजन भी साथ में उपस्थित थे। वहीं सफाई अभियान को लेकर प्रदेश के डेरा श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला और सेवादारों ने देखते ही देखते पूरे राजगढ कस्बे को चमका दिया। साध संगत सफाई करने के औजार जैसे झाड़ू, कस्सी, तसला, पल्ली, आरी, कुल्हाडी आदि अपने साथ लेकर आई। इतना ही नहीं साध-संगत अपने लिए लंगर-भोजन भी साथ लेकर पहुँची। सेवादारों ने पूरी तन्मयता के साथ सफाई की और शहर में वर्षो से लगे कूडे कर्कट के ढेरों को साफ कर दिया। इसके अलावा उपखण्ड कार्यालय, पुलिस थाना राजगढ, कृषि उपज मण्डी के में साफ-सफाई के साथ-साथ सार्वजनिक तथा सामुदायिक शौचालयों की सफाई कर उन्हें नीट एंड क्लीन किया। सेवादारों को सफाई करते देख हर शहरवासी दंग रह गए और सेवादारों की सेवा भावना के कायल हो गए और साध संगत को भगवान का दूत बताया। सेवादारों ने सफाई के साथ-साथ लोगों को भविष्य में अपना शहर साफ सुथरा रखने के लिए जागरूक करते हुए फार्म भी भरवाए।

महासफाई अभियान में सेवा कार्य में जुटी साध-संगत।

- सेवादारों की सेवा भावना का हर शहरवासी हुआ कायल

कार्यालय नगरपालिका पिलानी

जिला-झुंझुनूं (राज.) P.H 01596-242129

E Mail-pilani.jaipur@gmail.com

क्रमांकः- न.पा.पि./2022-23/5247 दिनांकः-03.02.2023

-:: आपत्ति-विज्ञप्ति ::-

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति उनके नाम के आगे अंकित खसरा नं. वाली कृषि भूमि/ 69ए/ पालिका सर्वे रजिस्टर में दर्ज करवाने/चाहने बाबत आवेदन पालिका में प्राप्त हुये है अतः जिस किसी को भी ऐतराज हो उक्त विज्ञप्ति प्रकाशित होने के 07 दिवस में मय सबूत प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद प्रस्तुत ऐतराज मान्य नहीं होंगे।

क्र. सं.	आवेदक मय/पिता/पति का नाम	क्षेत्रफल	भूमि का प्रयोजन	क्षेत्र	खसरा नं.	चतुर्थ सीमा			
						उत्तर	दक्षिण	पूर्व	पश्चिम
1	नागेन्द्रसिंह मोकावत पुत्र श्री सुरजन सिंह	303.27 वर्ग गज	69क	वार्ड नं. 33 गोशाला रोड राजपुरा पिलानी	-	बहादुर सिंह	अशोक सिंह	आम रास्ता	कुलदीप सिंह
2	जगदीश सैनी पुत्र श्री हनुमान प्रसाद	93.66 वर्ग गज	कृषि भूमि नियमन	वार्ड नं. 26 धीधवा रोड पिलानी	1088	धींधजा रोड	आम रास्ता	फतेहसिंह	मोहनलाल चेजारा
3	मनीराम सैनी पुत्र श्री मूलचंद सैनी	263.07 वर्ग गज	69-क	वार्ड नं. 34 राजपूरा मोहल्ला पिलानी	-	राजेन्द्र कुमावत	ईश्वर सैनी	श्यामलाल प्रकाश सैनी	आम रास्ता
4	मीना सैनी पत्नी योगेन्द्र सैनी	233.33 वर्ग गज	69-क	श्याम मंदिर व डालमिया कुये के पास पिलानी	-	प्लाट नं. 12	प्लाट नं. 12	आम रास्ता	प्लाट 05
5	आनन्द कुमार शारदा पुत्र श्री जगदीश	305.86 वर्ग गज	69-क	वार्ड नं. 11 गायत्री कॉलोनी पिलानी	-	साबू स्कूल खेल मैदान	एस.के. चिरानपीया	आम रास्ता	गोपीराम शर्मा
6	राजेश कुमार पुत्र श्री भगवानदास	33.83 वर्ग गज	69-क	वार्ड नं. 23 पुराने थाने के पास पिलानी	-	सुरेन्द्र नायक	यामीन लुहार	मजीद लुहार	आम रास्ता
7	राजेन्द्र पुत्र श्री जीराम	27.77 वर्ग गज	69-क	भगतसिंह सर्किल के पास पिलानी	-	प्लाट नं. 24	प्लाट नं. 22	प्लाट नं. 13	आम रास्ता
8	मोहम्मद सलामु पुत्र श्री मो. रोशन	285.84 वर्ग गज	69-क	वार्ड नं. 03 सरकारी स्कूल के पास पिलानी	-	नोरंगलाल नायक	आम रास्ता	रूकमुदीन बनवारी	सदाम का मकान
9	असवन्ती देवी पत्नी हनुमान काला	249.00 वर्ग गज	कृषि भूमि नियमन	वार्ड नं. 26 राणी सती मंदिर के पास पिलानी	1043	आम रास्ता	अन्य का प्लाट	प्लाट नं. 03	प्लाट नं. 09
10	श्री विनोद पंसार पुत्र श्री हीरालाल	132.22 वर्ग गज	69-क	खटीकों का मोहल्ला वार्ड नं. 17 पिलानी	-	आम रास्ता	मोहन सोलंकी	खैराती चौहान भंवरलाल बजरंग वर्मा	मदन पंवार रामअवतार सोलंकी

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका पिलानी